(ग) यदि हां, तो इस पौधे की अन्य कौन-कौन सी बातें स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होती हैं ; और

(घ) सरकार द्वारा इस पौधे को समूल नष्ट करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी सरोज खापर्डे) : (क) पार्थेनियम पौधे से विशेषकर त्वचा में गम्भीर एलर्जिक प्रतिक्रिया होने की बात मानी जाती है । इससे चिरकालिक एक्जिमा जैसी स्थिति पैदा होने के साथ-साथ त्वचा का रंग बदल जाता है । यह स्थिति किसानों में जानपदिक रोग का रूप धारण कर सकती है ।

(ख) यह पौधा दिल्ली के सभी भागों और भारत के अनेक अन्य शहरों में खर पतवार के रूप में पैदा होता है ।

(ग) कृषि में, मिट्टी से मिली हुई सूखी पत्तियां, पत्तियों में गांठ बनने को रोकती हैं और मिट्टी में विकासोत्तेजक पदार्थ पैदा करती हैं । इस पौधे का पराग कुछ अन्य पौधों के पराग के अंकुरण को रोकता है । पार्थेनियम से मानव स्वास्थ्य, जानवरों और खेती को बड़ा खतरा बना हुआ है ।

पार्थेनियम पौधे के सभी भागों में एक यौगिक पदार्थ पार्थेनियम के होने की बात मानी जाती है जो शरीर के सम्पर्क में आने पर एलर्जिक प्रतिक्रिया पैदा करता है । पार्थेनियम के खाने से भैंसों और बछड़ों में विषाक्तता प्रचण्ड और चिरकालिक दोनों रूपों में उत्पन्न होती है । गम्भीर स्थिति में मौत भी हो सकती है ।

संवर्धित वृक्क कोशिकाओं में पार्थेनियम से कोशिका विष उत्पन्न होने का पता चलता है । इसमें वृहदाणविक संश्लेषणों को नहीं होने दिया । और आर०एन०ए०, डी०एन०ए० और प्रोटीन के संश्लेषणों को भी नहीं होने दिया । इसके अतिरिक्त कोशिकाओं के 24 घंटे के उपचार के बाद पार्थेनियम ने प्रमुख कोशिकीय एन्जाइमों के क्रियाकलापों में भी बाधा डाली ।

(घ) इन पौधों का उच्छेदन समाप्त करना कठिन है ।

उत्तर प्रदेश को वानिकी के लिये आवंटित धनराशि

680. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) योजना आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश को सातवीं पंचवर्षीय योजना के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई थी; और

(ख) 1988–89 के वर्ष के लिए कार्यक्रमवार कितनी-कितनी राशि आवंटित की गई है ?

योजना मंत्री तथा कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री (श्री माधवसिंह सोलंकी) (क) उत्तर प्रदेश के वानिकी क्षेत्र हेतु सातवीं पंचवर्षीय योजना के लिए 162.00 करोड़ रु० की राशि के आवंटन की स्वीकृति दी गई है ।

(ख) वर्ष 1988–89 के लिए निम्नलिखित प्रमुख कार्यक्रमों के लिए 57.43 करोड़ रु० की राशि स्वीकृत की गई थी :—

(करोड़ रु०)

1. सामाजिक तथा फार्म वानिकी	48.22
2. वन संरक्षण तथा विकास .	1.21
3. विस्तार तथा प्रशिक्षण .	0.01
4. वन्यजीवन परिरक्षण .	2.06
5. अन्य योजनाएं . .	5.93
कुल : . .	57.43

संघ लोक सेवा आ[illegible] के पद

681. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) संघ लोक सेवा आयोग के सदस्यों के अनेक पद इस समय रिक्त हैं तथा ये पद कब-कब से रिक्त पड़े हैं ; और